दिनांक : 07.08.2025

समय : 07.10AM

आकाशवाणी, भोपाल

## प्रधानमंत्री-शताब्दी सम्मेलन

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज नई दिल्ली स्थित भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद- आई.सी.ए.आर. पूसा में एम.एस. स्वामीनाथन शताब्दी अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे। इस अवसर पर, श्री मोदी लोगों को संबोधित करेंगे और खाद्य तथा शांति के लिए पहला एम.एस. स्वामीनाथन पुरस्कार भी प्रदान करेंगे। सम्मेलन का विषय है- 'सदाबहार क्रांति, जैव-सुख का मार्ग', जो सभी के लिए भोजन सुनिश्चित करने की दिशा में प्रोफेसर एम.एस. स्वामीनाथन के आजीवन समर्पण को दर्शाता है। सम्मेलन के उद्घाटन से पहले, प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि आज एम.एस. स्वामीनाथन की जन्म शताब्दी है, जो इस कार्यक्रम को और भी खास बनाता है।

## लाड़ली बहन शगुन

प्रदेश की लाड़ली बहनों के लिए रक्षाबंधन से पहले आज बड़ा दिन है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 'लाड़ली बहना योजना' के तहत राजगढ़ जिले के नरसिंहगढ़ से बहनों के बैंक खातों में 15 सौ रुपये अंतरित करेंगे। श्री यादव, 1 करोड़ 26 लाख 89 हजार 823 लाड़ली बहनों के खातों में 1 हजार 859 करोड़ 1 लाख 32 हजार 350 रुपये की राशि का अंतरण करेंगे। इस बार लाड़ली बहनों को नियमित किश्त 1250 रुपये के अतिरिक्त रक्षाबंधन के शगुन के रूप में 250 रूपये भी दिये जा रहे हैं। इस प्रकार प्रत्येक लाड़ली बहना को रक्षाबंधन के पूर्व 1500 रुपये मिलेंगे। इस कार्यक्रम के दौरान श्री यादव महिलाओं को गैस रिफिल की राशि भी प्रदाय करेंगे और नरसिंहगढ़ में होने वाले रोड-शो में भी शामिल होंगे।

## राष्ट्रपति-हथकरघा दिवस

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु आज नई दिल्ली में 11वें राष्ट्रीय हथकरघा दिवस समारोह की अध्यक्षता करेंगी। वस्त्र मंत्रालय के इस कार्यक्रम का उद्देश्य भारत के जीवंत हथकरघा क्षेत्र और देश की ग्रामीण अर्थव्यवस्था तथा सांस्कृतिक पहचान में इसके योगदान को सम्मानित करना है। वस्त्र मंत्री गिरिराज सिंह, वस्त्र राज्य मंत्री पबित्रा मार्गेरिटा और वस्त्र मंत्रालय की सचिव नीलम शमी राव भी इस समारोह में शामिल होंगी।

## स्वतंत्रता दिवस-हर घर तिरंगा

प्रदेश में स्वतंत्रता दिवस के पूर्व तैयारियां जोरों पर हैं। हर घर तिरंगा अभियान को लेकर लोगों में उत्साह दिखाई दे रहा है। 10 अगस्त से 15 अगस्त तक प्रदेशभर में ‘हर घर तिरंगा अभियान चलाया जाएगा। कल भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल एवं प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने ’हर घर तिरंगा अभियान’ के तहत भाजपा प्रदेश कार्यालय में केंद्र का शुभारंभ किया। उधर, सिंगरौली जिला पंचायत के सीईओ गजेंद्र सिंह ने बताया कि 15 अगस्त तक “हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता: स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग“ विशेष अभियान मनाया जाएगा। मुरैना में अभियान के तहत जगह-जगह जन जागरण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। गुना कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने कल स्वतंत्रता दिवस के पूर्व लाल परेड ग्राउंड पहुंचकर निरीक्षण किया। खंडवा में भी यह पर्व हर्षाेल्लास एवं समारोहपूर्वक मनाया जाएगा। शिवपुरी में स्वतंत्रता दिवस समारोह के भव्य, गरिमामय एवं उल्लासपूर्ण आयोजन के लिए तैयारियां प्रारंभ कर दी गई हैं।

## श्रम विभाग बैठक

पंचायत, ग्रामीण विकास एवं श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल की अध्यक्षता में मंत्रालय में कल श्रम विभागीय परार्मशदात्री समिति की बैठक हुई। बैठक में नई पहल, श्री (श्रमिक हेल्थ रेजुवेशन एजुकेशन एण्ड इंटरप्राइज) पहल के बारे में चर्चा की गई। मंत्री श्री पटेल ने बताया कि इस योजना का उद्देश्य श्रमिकों की स्थिति को समग्र रूप से बेहतर बनाना है।

## एमपी विधानसभा

मध्यप्रदेश विधानसभा का मानसून सत्र तय समय से दो दिन पहले ही कल अनिश्चित काल के लिए स्थगित कर दिया गया। सदन के अंतिम दिन मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने भी सदन को संबोधित किया। समापन के बाद विधानसभा सभागार में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कलाकारों ने “कृष्णायन” नाट्य की प्रस्तुति दी।

## विश्व खेल 2025

भारत का 18 सदस्यों का दल चीन के चेंगदू में होने वाले विश्व खेल 2025 में भाग ले रहा है। ये खेल कल से शुरू हो गए हैं और 17 अगस्त चलेंगे। इन विश्व खेलों में वे खेल शामिल हैं, जो ओलंपिक का हिस्सा नहीं है। इन खेलों की शुरुआत 1981 में हुई थी और ये प्रत्येक चार साल में आयोजित होते हैं। भारतीय खिलाडी तीरंदाजी, बिलियड्र्स, रोलर स्केटिंग, वुशु और रैकेटबॉल में अपनी चुनौती पेश करेंगे।

ट्राई-परामर्श

भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण- ट्राई ने परामर्श जारी किया है और लोगों को साइबर धोखाधड़ी और वित्तीय घोटालों में हो रही बढ़ोतरी के बारे में आगाह किया है। ट्राई के अनुसार तथाकथित 'डिजिटल गिरफ्तारी' घोटाला है, जिसमें पीड़ितों को धमकी भरे कॉल आते हैं और दावा किया जाता है कि वे आपराधिक गतिविधियों में शामिल हैं और उन पर तत्काल कार्रवाई का खतरा है। ट्राई ने स्पष्ट किया है कि वह फोन कॉल, संदेश या किसी अन्य माध्यम से मोबाइल नंबर डिस्कनेक्ट करने के संबंध में उपभोक्ताओं से कोई संवाद नहीं करता है।

इंदौर 50 इलेक्ट्रिक बस

ग्रीन मोबिलिटी को बढ़ावा देने के लिए इंदौर शहर को 50 इलेक्ट्रिक बसों की सौगात मिलेगी। इन बसों के संचालन हेतु आई एस बी टी नायता मुंडला एवं देवास नाका दो इलेक्ट्रिक बस डिपो के निर्माण की प्रक्रिया प्रारंभ की गई है। यह निर्णय अटल इंदौर सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विसेस लिमिटेड, इंदौर की बोर्ड बैठक में लिया गया।

उत्तराखण्ड- कैलाश मानसरोवर

कैलाश मानसरोवर तीर्थ यात्रियों के चौथे जत्थे को उत्तराखण्ड के पिथौरागढ़ जिले में धारचूला आधार शिविर पर रोक दिया गया है। ख़राब मौसम के कारण भारी चट्टानों और मलबा गिरने से सड़क मार्ग अवरुद्ध होने के बाद इन यात्रियों को रोका गया है।

अब कुछ समाचार संक्षेप में .....

- म्यामार में यांगून के थुवुन्ना स्टेडियम में कल फुटबॉल में, एएफसी अंडर-20 महिला एशियाई कप 2026 क्वालीफायर के ग्रुप डी का मैच भारत और इंडोनेशिया के बीच मैच गोलरहित ड्रा रहा। भारत का अगला मुकाबला कल तुर्कमेनिस्तान से होगा।
- शिवपुरी जिले में कलेक्टर रवीन्द्र कुमार चौधरी ने निर्देश दिया है कि कार्यस्थल पर कामकाजी महिलाओं का यौन उत्पीड़न रोकने के लिए समस्त कार्यालयों में आंतरिक परिवाद समिति का गठन करें।
- आगरमालवा जिले में मातृत्व पोषण कार्यक्रम क्रियान्वयन कार्यशाला हुई। इसमें गर्भवती महिलाओं और धात्री माताओं में आयरन और कैल्शियम की प्रदायगी कर उसका शत प्रतिशत सेवन सुनिश्चित किया गया।
- रक्षाबंधन पर्व जन्माष्टमी आदि त्योहारों के मद्देनजर कटनी में मिलावट के खिलाफ जंग अभियान संचालित किया जा रहा है। खाद्य विभाग की टीम में सजगता से सभी डेयरियों, मिठाई की दुकानों में और तेल मिलों में विशेष जांच कर रही है।

- डिंडोरी जिले में खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा डिंडोरी एवं शाहपुरा क्षेत्र में संचालित फलों के थोक एवं फुटकर विक्रेताओं के प्रतिष्ठानों पर सघन निरीक्षण एवं जांच की कार्यवाही की गई।
- श्योपुर जिला जेल में रक्षाबंधन के अवसर पर खुली मुलाकात के संबंध में निर्देश जारी किये गये है। बंदियो से मुलाकात कर राखी बांधने के लिए उनके परिवार की केवल महिला सदस्यों एवं 6 वर्ष से कम आयु के बच्चों को ही प्रवेश दिया जायेगा।
- छतरपुर जिले में एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत कल कलेक्टर पार्थ जैसवाल एवं एसपी अगम जैन ने जिले के पत्रकारों के साथ नगर वन में पौधरोपण किया।
- मंडला के पंचायत सभागार घुघरी में जल गुणवत्ता परीक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें 47 ग्राम पंचायतों के सरपंच, सचिव एवं रोजगार सहायकों को पानी गुणवत्ता परीक्षण का प्रशिक्षण दिया गया।
- पन्ना में इस वर्ष पहली बार बलराम जयंती के अवसर पर श्री बल्देव जी मंदिर परिसर में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।
- बैतूल के भारत भारती आवासीय विद्यालय जामठी, बैतूल में रक्षाबंधन अवकाश के पूर्व रक्षा संकल्प कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें समिति के सचिव मोहन नागर के साथ परिसर के पेड़-पौधों को रक्षासूत्र बांधकर उनकी रक्षा का संकल्प लिया।

-------